**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 26.03.2025 समय : 0705

- स्वर्ण मुद्रीकरण योजना की मध्यम और दीर्घकालिक अवधि की सरकारी जमा योजना आज से बंद हो जाएगी।
- द्वीपसमूह में साहित्यक महोत्सव कल से शुरू होगा।
- कर विभाग ने करदाताओं की सुविधा के लिए नई ऑनलाइन पोर्टल सेवा शुरू की है।
- किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए हैडो में किसान कॉल सेन्टर स्थापित किया गया है।

<><><><><><><>

स्वर्ण मुद्रीकरण योजना–जी एम एस की मध्यम और दीर्घकालिक अवधि की सरकारी जमा योजना आज से बंद हो जाएगी। वित्त मंत्रालय ने कहा है कि स्वर्ण मुद्रीकरण योजना के प्रदर्शन और बाजार की बदलती स्थितियों का आकलन करने के बाद इसे बंद किया गया है। मंत्रालय ने कहा कि स्वर्ण मुद्रीकरण योजना के निर्धारित संग्रह और शुद्धता परीक्षण केंद्रों, जी एम एस मोबिलाइजेशन, संग्रह और परीक्षण एजेंटों या निर्दिष्ट बैंक शाखाओं में इन्हें जमा करने के नए आवेदन अब स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

<><><><><><><>

भारतीय साहित्य की समृद्धि और द्वीपवासियों के बीच साहित्यिक संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, कला और संस्कृति विभाग एवं साहित्य अकादमी नई दिल्ली के सहयोग से–'बियॉन्ड होराइजन–ऑल इंडिया राइटर्स फेस्टिवल' का आयोजन करेगा। यह साहित्य महोत्सव कल शुरू होगा, जो उनतीस मार्च, तक चलेगा। इस कार्यक्रम में द्वीपसमूह के उपराज्यपाल और द्वीप विकास एजेन्सी के उपाध्यक्ष एडमिरल डी. के. जोशी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। यह दो दिवसीय महोत्सव टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय के सभागार में कल सवेरे दस बजे आरंभ होगा। इस साहित्य महोत्सव में विभिन्न भारतीय भाषाओं के लेखक और कवि भाग लेंगे, जिसका उद्देश्य साहित्य प्रेमियों के लिए एक समृद्ध अनुभव बनाना है। प्रतिभागियों को विभिन्न साहित्यिक सत्रों में भाग लेने का अवसर मिलेगा, जो रचनात्मकता और बौद्धिक आदान–प्रदान के लिए एक मंच प्रदान करेगा। साहित्य महोत्सव में प्रशासन का राजभाषा विभाग अट्ठाईस मार्च, शाम साढ़े छह बजे डॉ. बी आर अंबेडकर सभागार में 'हास्य कवि सम्मेलन' का आयोजन भी करेगा। जो साहित्य की

दुनिया में डूबने और नए दृष्टिकोण तलाशने का एक अनूठा अवसर प्रदान करेगा। साहित्य प्रेमियों, छात्रों और अन्य लोगों को इस साहित्य महोत्सव के साथ–साथ हास्य कवि सम्मेलन में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के मूल्य संवर्धित कर विभाग ने करदाताओं की सुविधा के लिए नया ऑनलाइन पोर्टल ई–वैट सेवा शुरू की है। इस पोर्टल का उद्घाटन मुख्य सचिव डॉ. चन्द्र भूषण कुमार ने किया, इस कार्यक्रम में वैट आयुक्त अर्जुन शर्मा सहित प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। इस पोर्टल से मासिक वैट भुगतान और तीन महीने की रिटर्न फाइलिंग को आसान बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। इस पहल से व्यापार करने में आसानी कर अनुपालन बेहतर होगा और कर प्रशासन अधिक पारदर्शी व कुशल बनेगा। पोर्टल आम जनता के लिए प्रशासन की अधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है ।

<><><><><><><>

नई दिल्ली में आयोजित खेलों इंडिया पैरा गेम्स, पैराएथलिट्स को अपनी प्रतिभा दिखाने का बेहतर मंच प्रदान करता है। इस प्रतियोगिता में द्वीपसमूह की पैरा एथलीट एम. भवानी ने अपनी उत्कृष्ठ खेल प्रतिभा का परिचय देते हुए दो पदक अपने नाम किए। भवानी ने महिलाओं की सौ मीटर दौड़ में रजत पदक जीत कर अपनी गति का लोहा मनवाया। वहीं लम्बी कूद में कांस्य पदक हासिल किया।उनका यह प्रदर्शन न केवल उनके व्यक्तिगत सफलता को दर्शाता है, बल्कि अन्य युवा खिलाडियों के लिए प्रेरणा का भी स्रोत है। खेलों इंडिया पैरा गेम्स का कल समापन होगा।

<><><><><><><>

विश्व होमियोपैथी दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य सेवा निदेशालय द्वारा राज्य आयुष सोसाइटी द्वारा अट्ठाईस मार्च को शहीद द्वीप में निःशुल्क होमियोपैथी स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह स्वास्थ्य शिविर शहीद द्वीप में सुबह साढ़े नौ बजे से शुरू होगा, जहां आयुष विभाग के डॉक्टरों और कर्मचारियों की टीम द्वारा आम जनता को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएंगी। सभी ग्रामीणों से इस अवसर पर लाभ उठाने की अपील की गई है।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह में किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए हैडो में किसान कॉल सेन्टर स्थापित किया गया है। यह केन्द्र कृषि, पशुपालन और मत्स्य पालन से जुड़ी किसानों की शंकाओं का समाधान करेगा। विशेषज्ञों से

परामर्श के बाद किसानों को उनकी स्थानीय भाषा में आवश्यक जानकारी भी प्रदान की जाएगी। यह सेवा सभी कार्य दिवसों में सुबह साढ़े आठ बजे से शाम पांच बजे तक उपलब्ध रहेगी। किसान द्वीपसमूह के किसी भी भाग से 1800 345 1145 या 03192– 243434 पर कॉल कर कृषि बागवानी पशुपालन और मत्स्य पालन से जुड़ी जानकारी प्राप्त कर सकते है।

<><><><><><><>

डॉलीगंज का राशन दुकान ऋषिकेश जनरल स्टोर एक अप्रैल से बन्द हो जाएगा। प्रशासन ने राशनकार्ड धारकों से अपील की है कि वे अब डॉलीगंज स्थित ए. गणेशन की दुकान से राशन प्राप्त करें।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम के मिडिल प्वाइंट स्थित खादी ग्रामोद्योग भवन में स्टॉक वैरिफिकेशन का कार्य किया जाएगा। इस आशय की जानकारी देते हुए खादी ग्रामोद्योग बोर्ड ने कहा कि खादी ग्रामोद्योग भवन आज से इक्कतीस मार्च तक बंद रहेगा।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में पढ़ने वाले छात्रों के लिए कल एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में द्वीपसमूह के छात्रों के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में स्टुडेन्ट्स फैडरेशन ऑफ इंडिया के संयोजक अब्दुल वारिश और पन्द्रह सदस्यीय अण्डमान निकोबार राज्य आयोजन समिति गठित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में सभी कॉलेजों को पॉडिचेरी केन्द्रीय विश्व विद्यालय से संबद्ध करने के फैसले पर विचार किया गया।

<><><><><><><>

दक्षिण अण्डमान ज़िला प्रशासन ने अतिक्रमण हटाओं अभियान के तहत गाराचरमा क्षेत्र में दो सौ वर्ग मीटर सरकारी भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया है। दक्षिण अण्डमान ज़िला उपायुक्त ने कहा कि सरकारी भूमि पर अतिक्रमण करने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आम जनता से ऐसी अवैध गतिविधियों से दूर रहने की सलाह दी है।

<><><><><><><>

## <u>समाचार पत्रों की सुर्खियां</u>

मुख्य सचिव ने नेताजी स्टेडियम स्पोर्ट कॉम्पलेक्स में नए कार्डियो उपकरण का उद्घाटन किय– **द्वीप समाचार** ने इस खबर को पहले पन्ने के सचित्र प्रकाशित किया है। अखबार ने विशेष शिक्षकों के लिए सेवा कालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के समाचार को भी अंतिम पन्ने में जगह दी है। **द डेली टेलीग्राम्स** ने जनजातिय कल्याण निदेशालय में भूकंप और आग से बचाव के लिए मॉकड्रिल आयोजित करने के समाचार को अंतिम पन्ने में सचित्र प्रकाशित किया है। अखबार ने माता–पिता और वरिष्ठ नागरिकों के भरण–पोषण और कल्याण अधिनियम – 2007 पर चेतना शिविर आयोजित करने के समाचार को भी प्रकाशित किया है। **इंफो इंडिया** ने जे एन आर एम द्वारा विश्व टीबी दिवस मनाए जाने के समाचार को पहले पन्ने के मध्य में जगह दी है।  मुख्य सचिव ने ई–वैट सेवा पोर्टल का शुभारंभ किया– **द इको ऑफ इंडिया** की बडी खबर है। विवेकानन्द केन्द्र ज़िला परिषद विद्यालय बसंतीपुर में पर्सलिटी डेवलप–मैंट शिविर का आयोजन करने के समाचार को **द अण्डमान एक्सप्रेस अंग्रेजी** ने पहले पन्ने में प्रकाशित किया है।

**<><><><><><><>**